Amar Ujala

Date: 18.03.15

Page No. 08

S.No.

## आईटीएस और एकेजी ने लहराया परचम

साहिबाबाद। आईटीएस संस्थान में मंगलवार को अंतविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ के पहले दिन दो राउंड में मैच चला। पहली पारी में एसएस इंजीनियरिंग कॉलेज और आईटीएस कॉलेज मुराद नगर मैदान में उतरे, जिसमें धुआंधार पारी खेलकर आईटीएस मुराद नगर विजयी रहा। एसएस इंजीनियरिंग कॉलेज टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने उतरी। 14 ओवर में छह विकेट खोकर विपक्षी टीम के लिए 114 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईटीएस मुराद नगर की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 8 विकेट खोकर कुल 115 रन बना कर मैच जीत लिया। दोपहर बाद हुए द्वितीय मुकाबले में इनमेंटक कॉलेज और अजय कुमार गर्ग कालेज ने भाग लिया।

## बीडीएस की मुख्य-सप्लीमेंट्री परीक्षाएं कल से

गाजियाबाद। सीसीएसयू से संबद्ध बीडीएस कॉलेजों की फर्स्ट से फोर्थ ईयर मुख्य और सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 19 मार्च से शुरू होंगी। विवि की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार बीडीएस परीक्षाएं 19 से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेंगी। गाजियाबाद में बीडीएस परीक्षाओं के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। साहिबाबाद स्थित इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज परीक्षा केंद्र में कृष्णा डेंटल कॉलेज, श्रीबांके बिहारी कॉलेज और हरशरणदास डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं का सेंटर पड़ा है। आईटीएस मुरादनगर परीक्षा केंद्र पर इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज और आईडीएसटी कादराबाद मोदीनगर के विद्यार्थियों का केंद्र है। वहीं, आईडीएसटी मोदीनगर परीक्षा केंद्र पर आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर और कालका डेंटल कॉलेज मेरठ के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

Sign: 18/3/15 | 18/03

Dental Library | Principal | Director General | Administrator 19/3/15 | Secretary

Dainik Jagran  **Date:** 18·03·15

**Page No.** VI  **S.No.**

# पहले दिन एकेजी और आईटीएस का रहा जलवा



इंग्राहम मैदान में एबीईएस व आइटीएस के बीच चल रहे क्रिकेट मैच की विजेता आइटीएस की टीम।

**जागरण संवाददाता, गाजियाबाद :** आईटीएस संस्थान द्वारा इंग्राहम मैदान पर आयोजित अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को आगाज किया गया। टूर्नामेंट में पहले दिन दो मुकाबले खेले गए, जिसमें आईटीएस मुरादनगर और एकेजी ने विपक्षी टीमों को मात दी।

टूर्नामेंट में विभिन्न संस्थानों की लगभग नौ टीमें खिताब के लिए भिड़ रही हैं। पहला मैच एएस इंजीनियरिंग कॉलेज तथा आईटीएस मुरादनगर के बीच खेला गया। एएस इंजीनियरिंग कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट खोकर विपक्षी टीम के लिए 114 रनों का लक्ष्य रखा। आईटीएस मुरादनगर ने चार विकेट शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। उनकी ओर से सचिन ने चौधरी मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। दोपहर बाद हुए दूसरे मुकाबले में इनमेन्टक कॉलेज तथा अजय कुमार गर्ग कॉलेज ने भाग लिया। टॉस जीतकर एकेजी ने बल्लेबाजी की और 107 रन बनाए। जवाब में विपक्षी टीम 102 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के खिलाड़ी ऋषभ को उम्दा पारी के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### 64 रन से विजयी रही नैतिक स्पोर्ट्स

**गाजियाबाद :** नेहरू स्टेडियम पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के मंगलवार को खेले गए मैच में नैतिक स्पोर्ट्स गौतमबुद्धनगर की टीम ने सूर्या विन मुरादनगर को 64 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नैतिक स्पोर्ट्स ने तीस ओवर में 231 रन बनाए। उनकी ओर से सतेंद्र भाटी ने तेज 80 रन की पारी खेली।, जबकि ओपनर बल्लेबाज गौरव भाटी ने 39 रन का योगदान दिया। सूर्या विन स्पोर्ट्स के गेंदबाजों में राकेश मिश्रा व अनीश मलिक ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्या स्पोर्ट्स की पूरी टीम 167 रन पर ही सिमट गई। उनकी ओर से मध्यक्रम बल्लेबाज अश्वनी गौतम ने 65 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। नैतिक स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाज ललित भाटी ने हैट्रिक के साथ पांच विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे 26 प्रदेशों के खिलाड़ी

**जास, गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश पैरालिम्पिक एसोसिएशन द्वारा 15वीं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी गाजियाबाद को सौंपी गई है। 20 मार्च से शुरू होने वाले खेलों में 26 प्रदेशों से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश पैरालिम्पिक कमिटी के अध्यक्ष कविंद्र चौधरी ने इससे जुड़ी जानकारी दी। मटियाला गांव स्थित जनहित स्पोर्ट्स एकेडमी के मैदान पर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष कविंद्र चौधरी ने बताया कि 20 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले आयोजन में 26 प्रदेशों से 515 पैरालिम्पिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि खेल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पत्रकार वार्ता में जेपी सिंह, अमित्त शर्मा, संजीव शर्मा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

Sign: 18/3/15 | 18/03 | | 19/3/15 | 
Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary

Hindustan (Hindi)

Date 03.03.15

Page.No. 18

# छात्रों को ईमानदार रहने की शपथ दिलाई

मुरादनगर | हमारे संवाददाता

नेशनल हाईवे स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जीएलए मथुरा विश्वविद्यालय के कुलपति डीएस चौहान ने किया। उत्तर भारत के किसी डेंटल कॉलेज पहली बार व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएस चौहान ने कहा कि व्हा[illegible] कोट सेरेमनी समारोह एक ऐसी नई प्रथा [illegible], जो कि मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों में अपनाई जाती है। इस प्रथा में छात्रों का प्रिक्लिनिकल से क्लिनिकल हेल्थ साइंस में रूपांतरण होता है। यह प्रथा पहली बार सन 1989 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ फिजिसियन एंड सर्जन से शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि भारत आज मेडिकल साइंस में दिन-रात तरक्की कर रहा है, जिसका नतीजा है कि अब विदेशी छात्र भी मेडिकल की पढ़ाई करने भारत आ रहे हैं। इसके बाद डीएस चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने पेशे के प्रति ईमानदारी की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संस्थान के चैयरमेन आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा, डॉ. विद्याा डोडवाड, विनोद सचदेवा, देवीचरन शेट्टी व हरिप्रकाश ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।




मुरादनगर के आईटीएस संस्थान में आयोजित व्हाइट कोट सेरेमनी कार्यक्रम में सोमवार को छात्राओं को ईमानदारी की शपथ दिलाई गई। • हिन्दुस्तान

Sign: Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretar

Amar Ujala

Date: 03.03.15

Page No. 09

S.No.

# आईटीएस में व्हाइट कोट सेरेमनी

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को व्हाइट कोट समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जीएलए विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. डीएस चौहान, चेयरमैन आरपी चड्डा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा, डॉ. विनोद सचदेवा, देवीचरण शेट्टी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. डीएस चौहान ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि व्हाइट कोट सेरेमनी पहले यूरोपियन देशों में होती थी। मगर अब इसका आयोजन एशिया के देशों में किया जाने लगा है। डॉ. हरी प्रकाश ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बताया गया है कि उत्तर भारत में पहली बार व्हाइट कोट समारोह का आयोजन हुआ है। आईटीएस द ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्डा ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. विद्या डोडवाड, डॉ. हरी प्रकाश, राजीव मल्होत्रा आदि रहे।

Sign: 03/03/2015   04/03   04/03/15

Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary

Nav Bharat Times

Date: 03.03.15

Page No. 08

S.No.

# व्हाइट कोट सामरोह

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर: आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को व्हाइट कोट सामरोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन यूपीटीयू के पूर्व कुलपति डॉ. डीएस चौहान ने किया। इस मौके पर कॉलेज चैयरमेन डॉ. आर पी चड्ढा ने कहा कि व्हाइट कोट समारोह से स्टूडेंट्स के अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है।

Sign:

| Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary |
|---|---|---|---|---|